# कृपा श्याम की कमाता हूँ | By Ravi Sharma

दुनिया कमाती हर दम पैसा कृपा श्याम की कमाता हूँ
सोच से परे है दुनिया की जो ऐसा खज़ाना पाता हूँ
दुनिया कमाती हर दम पैसा.........

इस जीवन में श्याम प्रेम ही सबसे बड़ा खज़ाना है
इस दौलत का जग का हर एक नामी सेठ दीवाना है
तुम भी कमा लो श्याम नाम धन रस्ता सही बतलाता हूँ
दुनिया कमाती हर दम पैसा कृपा श्याम की कमाता हूँ
कृपा श्याम की कमाता हूँ ........

जितना कमा लो मोह माया को काम कभी ना आएगी
श्याम नाम की जो ये पूँजी कई जनम चल जायेगी
तर जाये तेरी हर एक पीढ़ी भरोसा तुझे दिलाता हूँ
दुनिया कमाती हर दम पैसा कृपा श्याम की कमाता हूँ
कृपा श्याम की कमाता हूँ ........

श्याम बहादुर बाग़ लगाए आलू सिंह जी सींचे थे
फल जो चखे हैं हमने जितने सब के सब ही मीठे थे
रवि श्याम की शरण में जबसे खुल के मौज उड़ाता हूँ
दुनिया कमाती हर दम पैसा कृपा श्याम की कमाता हूँ
कृपा श्याम की कमाता हूँ ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%82%e0%a4%81-by-ravi-sharma/